卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 247 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦14 जून 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in


## पुरोला में महापंचायत को लेकर पुलिस प्रशासन हुआ अलर्ट, धारा 144 लगाई

उत्तरकाशी (उद संवाददाता)। उत्तरकाशी जिले के पुरोला में 15 जून को प्रस्तावित महापंचायत पर पुलिस के सख्त रुख के बाद ग्राम प्रधानों का संगठन बैकफुट पर आ गया, लेकिन अब विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल जैसे हिंदुवादी संगठन खुलकर सामने आ गए हैं। उन्होंने कहा कि हम लव जिहाद के खिलाफ पुरोला में महापंचायत करेंगे। इसे देखते हुए पुरोला नगर क्षेत्र में जिला प्रशासन ने आज 14 जून से लेकर 19 जून तक लागू की धारा 144 लागू कर दी है। एसडीएम पुरोला देवानंद शर्मा ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि धारा 144 का सख्ती से पालन होगा। स्थानीय प्रशासन ने मंगलवार को साफ कह दिया था कि ऐसी किसी गतिविधि की इजाजत कतई नहीं दी जाएगी। मालूम हो कि उत्तराखंड के पुरोला में सांप्रदायिक तनाव बने रहने के कारण सुरक्षा बढ़ा दी गयी। शहर में कुछ दिन पहले एक नाबालिग लड़की का अपहरण करने की कथित कोशिश की गयी थी। एक मुस्लिम समेत दो (शेष पृष्ठ सात पर)



## राहुल बनकर युवती की अस्मत लूटता रहा शकील

### ट्रांजिट कैम्प थाने में दर्ज हुआ लव जिहाद का मामला

रूद्रपुर। उत्तरकाशी के पुरोला में लव जिहाद का मामला अभी थमा नहीं था कि अब रूद्रपुर में भी लव जिहाद का मामला सामने आया है। हिंदुवादी नेताओं के हंगामे के बाद पुलिस ने मामले में युवती की तहरीर के आधार पर मामामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी हैं। पीड़िता का आरोप है कि शकील नाम का युवक राहुल बनकर तीन साल से उसकी अस्मत लूटता रहा और जब सच्चाई पता चली तो वह धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाने और जान से मारने की धमकी देने लगा। आरोपी पहले से शादी शुदा है और तीन बच्चों का बाप है। लव जिहाद के मामले की भनक मंगवार शाम को भाजपा एवं हिंदूवादी नेताओं को चल तो कई लोग ट्रांजिट कैम्प थाने पहुंच गये उन्होंने मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। जिसके बाद पुलिस ने युवती की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। तहरीर में युवती ने कहा कि तीन साल पहले उसकी मुलाकात एक युवक से हुई थी उक्त युवक ने अपना नाम राहुल बताया। दोनों में बातचीत होने लगी। युवक ने उसे शादी का झांसा दिया और दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगी। युवती के मुताबिक इस बीच दो बार वह गर्भवती हुयी लेकिन युवक ने दवाई खिलाकर गर्भ गिरा दिया। तीसरी बार (शेष पृष्ठ सात पर)

## दो करोड़ हड़पने को बेच दी बैंक में बंधक रखी संपत्ति

काशीपुर। बैंक से ऋण के रूप में ली गई दो करोड़ रुपयों की रकम डकारने के लिए एक शातिर दिमाग ने बंधक रखी भूमि को चार टुकड़ों में कर चुपचाप उसे दूसरों के नाम रजिस्ट्री कर दी। बैंक धोखाधड़ी की जानकारी होने पर मामले की तहरीर पुलिस को दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू की है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मुरादाबाद रोड स्थित एसबीआई के शाखा (शेष पृष्ठ सात पर)

## अनियंत्रित ट्रक से कुचलकर एक की मौत

### पत्नी के साथ बस में सवार होकर पंजाब से लौट रहा था नेपाल

काशीपुर (उद संवाददाता)। कुंडा थाना क्षेत्र के शिवराजपुर पट्टी पुलिस चौकी इलाके में आधी रात लघुशंका के लिए बस से उतरे एक व्यक्ति को अनियंत्रित ट्रक ने कुचल कर मौत के घाट उतार दिया। मृतक पंजाब में चौकीदारी करता था। वह पत्नी के साथ लगभग तीन माह बाद परिजनों की खैर खबर लेने स्वदेश नेपाल जा रहा था। हादसे की खबर स्थानीय पुलिस को मिलने पर उसने मौके पर पहुंचकर लावारिस खड़े ट्रक को कब्जे में ले लिया। इस दौरान जरूरी जानकारी जुटाने के बाद मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के हवाले कर दिया। जानकारी के मुताबिक ग्राम अतरिया, जनपद कैलाली, नेपाल निवासी हरि बहादुर 60 वर्ष पुत्र भगी सिंह पिछले लगभग 40 वर्ष से धमोली रोड राजपुरा पटियाला पंजाब में चौकीदारी करता था। पता चला है कि लगभग तीन माह बाद वह अपनी पत्नी के साथ परिजनों की खैर खबर लेने के लिए बस में सवार होकर नेपाल जा रहा था इस दौरान मंगलवार (शेष पृष्ठ सात पर)





## सड़क दुर्घटना में उपनिरीक्षक की मौत

कोटद्वार (उद संवाददाता)। पौड़ी जिले में तैनात उपनिरीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह की भीषण सड़क हादसे में मौत हो गई है। वह पौड़ी गढ़वाल में तैनात थे। सब इंस्पेक्टर पुष्पेन्द्र सिंह अपनी बाइक से कहीं जा रहे थे और इस बीच एक भयानक हादसा हो गया। इस हादसे में सब इंस्पेक्टर पुष्पेन्द्र सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। सब इंस्पेक्टर पुष्पेन्द्र सिंह हरिद्वार जिले के लक्सर के रहने वाले थे। उनके निधन के बाद उत्तराखंड पुलिस विभाग में शोक की लहर है। जानकारी के मुताबिक उप निरीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह इन दिनों पौड़ी गढ़वाल में तैनात थे। पुष्पेन्द्र आपनी बुलेट पर सवार होकर अपने दोस्त अमित के साथ जा रहें थे। इसी दौरान देहरादून- हरिद्वार नेशनल हाईवे पर छिद्दरवाला के समीप सड़क हादसा हो गया। हादसे को देख मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई, और तुरंत इस घटना की सूचना पुलिस को दे दी। इस घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जख्मी हालत में सड़क पर पड़े उप निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह (शेष पृष्ठ सात पर)



## जल्द शुरू होगा मिनी ब्लड बैंक

### समाजसेवी चावला के धरने के बाद मिला आश्वासन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। गदरपुर में मिनी ब्लड बैंक की मांग को लेकर गदरपुर के युवा समाजसेवी एवं व्यापार मंडल के महामंत्री संदीप चावला ने बुधवार को विश्व रक्तदाता दिवस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में एक दिवसीय धरना दिया। बता दें गदरपुर ब्लड मैन के नाम से प्रसिद्ध व्यापार मंडल के महामंत्री संदीप चावला द्वारा गदरपुर में मिनी ब्लड बैंक की मांग पिछले काफी समय से की जा रही है। पूर्व में प्रशासन ने अस्पताल में एक मिनी ब्लड बैंक खोला गया था और उसमे आवश्यक उपकरण भी स्थापित करवाएं लेकिन टेक्नीशियन (शेष पृष्ठ सात पर)



## टिफिन बैठक में कार्यकर्ताओं से किया संवाद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में चलाये जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा का टिफिन बैठक सह भोज कार्यक्रम बुधवार को रामपुर रोड स्थि गिल रिसॉर्ट में आयोजित हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा व पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करते हुए आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की। टिफिन बैठक में कार्यकर्ता अपने अपने घरों से टिफिन लेकर पहुंचे और सभी ने सामूहिक रूप से भोजन किया। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौ वर्ष के कार्यकाल में देश को शिखर पर ले जाने का काम किया है। आज दुनिया भारत की ताकत का लोहा मान रही है। श्री भट्ट ने कहा कि कार्यकर्ता केन्द्र सरकार की नीतियों को जन जन तक ले जाने का काम करें और आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कमर कस लें। इस दौरान विधायक शिव अरोरा, मेयर रामपाल सिंह, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, वेद ठुकराल,ललित मिगलानी, अमित नारंग, प्रीत ग्रोवर, मोहित कक्कड़,दिनेश गुप्ता, हरीश भट्ट, उत्तम दत्ता, सार्थक मुटनेजा, सुरेश कोली, राजीव चौधरी, (शेष पृष्ठ सात पर)




## मुठभेड़ में दो बदमाशों को लगी गोली

हरिद्वार (उद संवाददाता)। भगवानपुर पुलिस को देर रात सूचना मिली कि बाइक सवार दो बदमाश किसी घटना को अंजाम देने आ रहे हैं। जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर बाइक सवार बदमाशों को रुकने का इशारा किया। इस पर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो बदमाश घायल हो गए। मंगलवार रात करीब 11:30 बजे भगवानपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि (शेष पृष्ठ सात पर)

## उत्तरांचल दर्पण में छपी खबर से बौखलाया पार्षद

### संवाददाता का रोका रास्ता, देख लेने की दी धमकी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के पार्षद पर इन दिनों सत्ता का सुरूर खूब सर चढ़कर बोल रहा है। आलम आजकल कुछ यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कृपा से पहली बार जनप्रतिनिधि बने कतिपय भाजपा नेता बड़ी ही ढिठाई से जनहित की न केवल घोर उपेक्षा कर रहे हैं। अपितु जनहित के से जुड़े मुद्दों को निष्पक्षता से उठाने वाले ,समाचार पत्र के प्रतिनिधियों को सरेराह रोककर धमकी भी दे रहे हैं। गौरतलब है कि उत्तरांचल दर्पण ने अपने 13 जून के अंक में 'कहीं करोड़ों के वारे न्यारे तो नहीं कर दिए गए ?' शीर्षक का एक समाचार प्रकाशित किया था जिसमें एनएचआई और भू-माफियाओं के बीच किसी संभावित 'बड़े खेल' की ओर इशारा किया गया था। यह खबर वार्ड नंबर 25 के पार्षद सुशील यादव को इतना नागवार गुजरी कि उन्होंने 13 जून की शाम लगभग 5बजे रामपुर- नैनीताल हाईवे स्थित टीचर प्रशिक्षण केंद्र के सामने,अपने रिश्तेदारों एवं समर्थकों के साथ उत्तरांचल दर्पण के प्रतिनिधि पीके यादव 'अर्श' को सरेराह रोक लिया और कई प्रकार की धमकियां दे डाली। भाजपा संगठन एवं सत्ता के नशे में चूर इस पार्षद ने संवाददाता को भू-माफियाओं से संबंधित समाचार प्रकाशित करने के लिए जमकर अपना कोप भाजन बनाया तथा समाचार पत्र के प्रतिनिधि को धमकाते हुए कहा कि तुम वार्ड नंबर 25 में अकेले रहते हो, तुम्हें हम देख लेंगे। इतना ही नहीं, उन्होंने चीखते हुए यह भी कहा कि वह प्रीत विहार कॉलोनी के कट को बंद करने के समर्थन में मजबूती के साथ खड़े हुए हैं। बताना होगा कि उत्तरांचल दर्पण के 13 जून के अंक में इस तथ्य को भी रेखांकित किया था कि किस तरह प्रीत विहार कॉलोनी के कट को बंद करके ,आदित्य नाथ झा इंटर कॉलेज के सामने से प्रीत विहार नंबर दो की तरफ जाने वाले सहायक मार्ग को मुख्य मार्ग में तब्दील करके आस पास के भूखंडों की कीमत बढ़ाने का खेल खेला गया है। यहां पर यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि इस मार्ग के दोनों तरफ के खाली पड़े बेशकीमती भूखंडों पर रुद्रपुर के बड़े खिलाड़ियों की नजर एक अरसे से गड़ी हुई है। लेकिन इस (शेष पृष्ठ सात पर)


एनएचआई भू-माफिया गठजोड़

कहीं करोड़ों के वारे न्यारे तो नहीं कर दिए गए?


# मलवे के ढेर में जिंदगी काट रहे हैं नगीना कालोनी के उजाड़े हुए लोग




शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। आंचलिक बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष राम चन्द्र राय ने नगीना कालोनी लालकुआं में प्रशासन के द्वारा उजाड़ें गए पीड़ित परिवारों को पुनर्वास देने की मांग करते हुए राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी,जिलाधिकारी नैनीताल,राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को पत्र भेजा। आँचलिक बंगाली कल्याण समिति अध्यक्ष राम चन्द्र राय को नगीना कालोनी वासियों ने आधार कार्ड , वोटरकार्ड,राशनकार्ड बिजली, पानी बिल की प्रतियां सौपी । नगीना कालोनी के उजाड़ें गए परिवार वालों के आसूं थमने का नाम नहीं ले रहे लोग बेबस होकर अपनी किस्मत को कोस रहे थे लोगो का कहना था जिन जनप्रतिनिधियों को हमने अपना समझकर चुना आज मुश्किल समय में हमारा फोन तक नहीं उठाते है। आंचलिक बंगाली कल्याण समिति अध्यक्ष राम चन्द्र राय ने रोते बिलखते लोगो बमुश्किल शांत कराया ।राम चंद्र राय ने नगीना कालोनी वासियों को भरोसा दिलाया कि सरकार से उजाड़ें हुए परिवारों को हर हाल पुनर्वास दिए जाने की भरसक प्रयत्न करूंगा ।कानून का पालन करते हुए खून के आखरी कतरे तक नगीना कालोनी वासियों के लिए संघर्ष करता रहूंगा। राम चंद्र राय ने कहा नगीना कालोनी वासियों को पुनर्वास देने के लिए हर संभव प्रयास यहां के स्थानीय विधायक,सांसद ,जनप्रतिनिधियों को करनी चाहिए जिन्होंने इनके वोट का सहारा लिया । बंगाली कल्याण समिति नगीना कालोनी वासियों के साथ खड़ी है। आंचलिक बंगाली कल्याण समिति अध्यक्ष ने कहा समस्त वैध कागजात नगीना कालोनी वासियों के पास है विभिन्न राजनीतिक दलों ने इनके वोटो से सरकार बनाई है हर सुविधा उपलब्ध कराई है तो आज शासन प्रशासन इनसे दूरियां कैसे बना सकती है।नगीना कालोनी वासियों खुले आसमान के नीचे बेसहारा की तरह अपना जीवन यापन करने को मजबूर है जिसे सरकार को गंभीरता के साथ लेनी चाहिए।किसी भी सरकार को देश के जनता को यूं भटकने पर मजबूर नही किया जा सकता जो लोकतंत्र में अपना भागीदारी निभाते है।

## कैंची धाम पर रिलीज हुआ रितेश मनोचा का नया भजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भवाली के पास स्थित विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में रूद्रपुर के मशहूर भजन गायक रितेश मनोचा का नया भजन रीलीज हुआ है। 'बड़ा ही पावन है ये धाम' भजन को यूट्यूब पर खूब पसंद किया जा रहा है। अंबे भक्ति कंपनी के माध्यम से रिलीज हुये भजन को कुंदन अकेला ने लिखा है और संगीत बलजीत चहल का है। भजन गायक रितेश मनोचा ने बताया




कि विगत कई वर्षों से बाबा नीम करोली महाराज के लिए भजन गाने की इच्छा थी जो अब बाबा के आशीर्वाद से पूरी हुई है। उन्होंने कहा कि बाबा में उनकी अपार आस्था है जिसके फलस्वरूप ही बाबा ने उन्हें ये भजन गाने का आशीर्वाद दिया।जल्दी कुछ नए भजन जिसमें श्याम बाबा,बालाजी महाराज और गुरूजी के नये भजन रिलीज होंगे।

## नये प्रतिष्ठान का किया शुभारम्भ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।फ्यूचर इमिग्रेशन प्रतिष्ठान का पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल एवं गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार हरबंस सिंह चुघ ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस दौरान प्रतिष्ठान स्वामीकुंवर सिंह विर्क शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए संस्थान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। संस्थान के स्वामी श्री विर्क ने बताया कि विदेश जानें वालों के लिए फ्यूचर इमिग्रेशन सभी संसाधनों



के साथ उचित सेवाओं हेतू संकल्पबद्ध है। इस दौरान समाजसेवी संजय ठुकराल को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। उद्घाटन अवसर पर सुखवंत सिंह विर्क, राजवीर सिंह विर्क, जसविंदर सिंह गिल, राजकुमार भुसरी, सरदार सुरमुख सिंह विर्क, हरदीप सिंह विर्क, हरपाल सिंह, गौरव आहूजा विक्की, रोहित खुराना, जोमी, बंटी कोली सहित शहर के तमाम गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।


## बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में राहुल ने किया नाम रोशन

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। विगत 12 जून को बिलासपुर, रामपुर में नॉर्थ बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप आयोजित हुआ जिसमें शक्तिफार्म क्षेत्र के बैकुंठपुर से राहुल बर्मन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया द्य इस उपलब्धि से पूर्व भी दिसंबर 2022 में हरियाणा में नेशनल स्पोर्ट्स कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल व ब्रोंज मेडल के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर परचम लहराया। राहुल ने इस प्रकार की कई उपलब्धि अपने नाम किया साथ ही राहुल इस समय शक्ति फार्म क्षेत्र से लेकर सितारगंज, चोरगलिया, हल्द्वानी जैसे बड़े-बड़े शहरों में भी बच्चों को कराटे शिक्षण दे रहे है। राहुल ने बच्चों को विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ कराटे व मार्शल आर्ट आदि क्रियाकलाप सीखने के लिए सलाह दिया। राहुल ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार अति आवश्यक है द्य राहुल के इस उपलब्धि पर माता-पिता, गुरुजनों नगर वासियों ने आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामना की इससे क्षेत्र में खुशी का लहर है।



## 200 कनस्तर अवैध लीसा पकड़ा, चालक फरार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वन विभाग की टीम ने गश्त के दौरान एक संदिग्ध वाहन का पीछा कर उसे रोक लिया और उसमें भरे 200 कनस्तर अवैध लीसा बरामद किया। वाहन चालक मौके से भागने में कामयाब हो गया। जानकारी के अनुसार प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी संदीप कुमार, उप प्रभागीय वनाधिकारी, गौला, अनिल कुमार जोशी के निर्देशानुसार अवैध पातन, अवैध खनन, अवैध शिकार एवं अन्य वन अपराध नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत् वन क्षेत्राधिकारी गौला चंदन सिंह अधिकारी एवं प्रभारी वन सुरक्षा दल प्रमोद सिंह बिष्ट के नेतृत्व में गौला रेंज व सुरक्षा दल की संयुक्त टीम गौला नदी क्षेत्र का गश्त करते हुए शीशमहल गेट के पास पहुंची। तभी एक वाहन यूके 04 सीए 9690 तिरपाल लगा हुआ तेजी से हल्द्वानी की ओर आते हुए दिखा। टीम द्वारा उक्त वाहन



को जांच हेतु रूकने का इशारा किया गया परन्तु वाहन चालक वाहन को और अधिक गति से हल्द्वानी की ओर भगा ले गया। जिस पर टीम द्वारा उक्त् वाहन का पीछा किया गया। चालक द्वारा अपने को घिरा देख सुशीला तिवारी अस्पताल से आईटीआई रोड को नीलकंठ अस्पताल के पास रोड के किनारे वाहन को खड़ा कर वाहन से कूदकर भाग गया। टीम द्वारा वाहन की तलाशी लेने पर वाहन के अंदर लीसा के लगभग 200 कनस्तर लदे पाये गये। लीसा से सम्बन्धित कोई भी वैध प्रपत्र नहीं पाये गये। टीम द्वारा वाहन तथा लीसा को कब्जे में लेकर अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया। टीम में चंदन सिंह अधिकारी वन क्षेत्राधिकारी गौला, प्रभारी वन सुरक्षा दल प्रमोद सिंह बिष्ट, नैन सिंह, मनोज चंद तिवारी, शंकर दत्त पनेरु ललिता नेगी, भुवन चंद तिवारी, देवेंद्र नेगी, चंदन सिंह मौजूद थे।

## एम्बुलेंस की बदहाली से लोगों में आक्रोश

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिला अस्पताल मेंइलाज के दौरान समय से एंबुलेंस सेवा नही मिलने एम्बुलेंस सेवा पर सवालिया निशान उठने लगे हैं, जिला अस्पताल में समय से मरीजों को एम्बुलेंस सेवा नही मिलने पर व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी ने सवालिया निशान उठाते हुए सरकार द्वारा संचालित 108 सेवा को मरीजों के लिए घातक बताया। जिला अस्पताल में खड़ी दो एंबुलेस खराब होने से नाराजगी जताई। खड़ी एंबुलेस में टायर गंजे और फटे हुए थे,एबुलेंस के अंदर भी गंजे टायर रखे हुए है और कूड़े का ढेर लगा हुआ है एंबुलेंस में दरवाजा पूरा नहीं लग रहा था।साथ ही सभी मशीन बंद पड़ी दिखी एंबुलेस में,दोघंटे बाद रेफर मरीजों को हायर सेंटर पहुंचाने के लिए कपकोट से मंगाई गई एम्बुलेंस जिला अस्पताल में पहुँची,इस दौरान मरीज और तीमारदार टकटकी लगाए रहे। व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी ने बताया कि लगातार सात बार फोन मिलाने पर भी



बागेश्वर प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी और जिला इंचार्ज 108 द्वारा नही उठाया गया फोन। उसके बाद जिलाधिकारी से शिकायत के बाद कपकोट से भेजी गई 108 जिला अस्पताल पहुंची,लोगों ने 208 सेवा की बदहाली के लिए नाराजगी जताते हुए खस्ताहाल एम्बुलेंस में मरीजों को भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है, एम्बुलेंस खराब होने से108 के इंतजार में गर्भवती महिलाओं को जिला अस्पताल पहुंचना पड़ रहा है, कई बार टैक्सी गाड़ी में और हॉस्पिटल पहुंचने से पहले गाड़ी में डिलिवरी हो जा रही है। व्यापार मंडल अध्यक्ष ने जल्द एम्बुलेंस की खस्ताहाल व्यवस्था नही सुधारने पर आंदोलन की चेतावनी दी। वही कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, सहित अन्य लोगों ने सरकार से जल्द खस्ताहाल एम्बुलेंस को हटाकर नए आधुनिक सुविधाओं से युक्त एम्बुलेंस सेवा संचालित करने की मांग की।

# रक्तदान से जरूरतमंदों को मिलता है नया जीवन : चुघ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हर व्यक्ति को जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए क्योंकि किया गया रक्तदान जरूरतमंद लोगों को नया जीवन प्रदान करता है। यह बात उत्तरांचल पंजाबी युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने शहीद ऊधम सिंह मैमोरियल ब्लड सेंटर में आज विश्व रक्तदान दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारम्भ करने के पश्चात बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि युवा पंजाबी महासभा पिछले कई वर्षों से पर्यावरण, स्वच्छता, चिकित्सा, शिक्षा सहित अन्य जनहित के कार्यों के साथ ही साथ समय समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन भी करता रहा है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में पंजाबी युवाओं ने रक्तदान कर समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन किया। श्री चुघ ने शहीद ऊधम सिंह मैमोरियल ब्लड सेंटर के समस्त संचालक मंडल की सराहना करते हुए कहा कि ब्लड सेंटर






स्थापित करने उद्देश्य ही समय पर जरूरतमंद लोगों को आवश्यकतानुसार रक्त उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि आज भी सैकड़ों लोगों के साथ कई पंजाबी युवा रक्तदान कर रहे हैं। इससे पूर्व मुख्य अतिथि श्री चुघ ब्लड सेंटर पहुंचने पर संचालक मंडल के डा. मनदीप सिंह, डा. प्रशांत पाठक, डा. जसविंदर सिंह गिल, डा. राहुल किशोर, डा.नीतिक बठला, डा. अजय अरोरा आदि ने बुकेट देकर स्वागत किया। डा. मनदीप सिंह व डा. जसविंदर गिल ने कहा कि किसी के भी शरीर में वैज्ञानिक रक्त का विकल्प नहीं ढूंढ पाए हैं। इसलिए रक्त का महत्व बहुत ज्यादा है। उन्होंने बताया रक्तदान करने वाले एवं जिसे रक्त दिया जाना है दोनों के रक्त के नमूने लेकर पूरी जांच की जाती है। इस मौके पर नवनीत शर्मा, जगजीत सिंह गोल्डी, दिलजीत सिंह, ज्ञानेश मिश्र, अमन भट्ट, हरविंदर सिंह चुघ, अरुण चुघ, पंकज बांगा, हरविंदर सिंह, आशीष छाबड़ा, सुरेंद्र सिंह सरजू, जगजीत सिंह गोल्डी, दलविंदर सिंह, यमन बब्बर, रोनिक नारंग, पारस चुघ, कपिल कालड़ा, योगेश ग्रोवर, सुनील चुघ, सन्नी धवन, आशु मिड्ढा, सोनू खुराना, जतिन नागपाल, चेतन खनीजो, ब्लड सेंटर के इसरार, शारिक मलिक, तलविंदर कौर, दिनेश,अनंत शर्मा, निर्मला पंत, कंचन सिंह, रमनप्रीत, कविता राणा, संजना व किरन आदि मौजूद थे। रक्तदान करने वालों में राहुल कोली, विक्की घई, शिव कुमार, विशाल कोली, अरुण चुघ आदि शामिल थे।

# मेरे पास हमेशा तमंचा रहता है, और ज्यादा करेगा तो तेरी खोपड़ी उड़ा देंगे!

## दबंग ने देर रात अज्ञात साथियों के साथ पेट्रोल पंप के सेल्समैन से की मारपीट, दी जान से मारने की धमकी

काशीपुर(उद संवाददाता)। दबंग किस्म के युवक ने देर रात पेट्रोल पंप पर कार्यरत सेल्समैन से गाली गलौज करते हुए मारपीट की। विरोध करने पर उसने अपने अज्ञात साथियों को मौके पर बुलाकर झगड़ा फसाद खड़ा करते हुए मुंह खोलने पर सेल्समैन को जान से मारने की धमकी तक दे डाली। मारपीट के शिकार सेल्समैन ने पुलिस को बताया कि आरोपी पूर्व में भी कई बार पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डलवाने को लेकर हंगामा खड़ा कर चुका है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मानपुर रोड स्थित दिव्यराज फिलिंग स्टेशन पर कार्यरत सेल्समैन सचिन कुमार पुत्र दयाराम ने बताया कि बीते 11 जून को जब वह ड्यूटी पर मौजूद था इसी दौरान रात्रि लगभग 10:20 बजे मोहल्ला विजय नगर नई बस्ती निवासी समीर पुत्र शमीम नामक युवक अचानक स्कूटी लेकर वहां आ धमका और गाली गलौज करते हुए स्कूटी में जबरन पेट्रोल डालने के लिए विवश करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की और कहा कि यहां काम करना है और पंप चलाना है तो जैसा मैं कहूं वैसा करना पड़ेगा। इस दौरान आरोपी ने मोबाइल फोन पर संपर्क कर अपने कुछ अज्ञात साथियों को मौके पर बुलाया और दोबारा मारपीट की। कहा कि मेरे पास हमेशा तमंचा रहता है ज्यादा करेगा तो तेरी खोपड़ी उड़ा देंगे। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी तहरीर ने यह भी बताया कि आरोपी बदमाश पूर्व में भी कई बार पेट्रोल पंप पर झगड़ा फसाद कर चुका है। पुलिस के मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# ट्रांजिट कैम्प थाने में सत्यापन के लिए उमड़ी भीड़


रूद्रपुर(उद संवाददाता)। बाहरी लोगों के सत्यापन के लिए प्रदेश भर में चलाये जा रहे अभियान का असर नजर आने लगा है। बिना सत्यापन के किरायेदारों को रखने वाले मकान मालिक अब सत्यापन के लिए थाने पहुंचने लगे हैं। बुधवार को ट्रांजिट कैम्प थाने में सत्यापन के लिए लगाये गये शिविर में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बता दें मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद जिले में भी सत्यापन के लिए अभियान चलाया जा रहा है। बीते दिनों पुलिस ने कई कालोनियों में सत्यापन नहीं कराने वालों के चालान काटे थे। जिसके बाद लोग बड़ी संख्या में सत्यापन कराने के लिए थाना चौकी पहुंच रहे हैं। ट्रांजिट कैम्प थाने में भी पिछले कुछ दिनों से सत्यापन के लिए अलग से काउंटर लगाया गया है। जिसमें रोजाना बड़ी संख्या में लोग सत्यापन के लिए पहुंच रहे हैं। बुधवार को सतयापन के लिए थाने में भारी भीड़ उमड़ पड़ी।



भारी संख्या में लोगों ने किरायेदारों के सत्यापन कराये। इस दौरान हेड महोर्रिर चन्द्रशेखर टाकुली के नेतृत्व में पुलिस टीम सत्यापन के कार्य में जुटी रही।

## जीआरडी स्कूल के छात्र दिव्यांश का महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज के लिए हुआ चयन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जी०आर०डी० इण्टरनेशनल स्कूल में अध्ययनरत छात्र दिव्यांश जलाल का चयन महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज रायपुर देहरादून में हॉकी खेल के लिए हुआ है। छात्र की इस उपलब्धि पर छात्र की माताजी श्रीमती गीता जलाल, पिताजी कैलाश सिंह जलाल, विद्यालय के चौयरमैन गुरनाम सिंह



चावला, वॉइस चौयरमैन सतनाम सिंह चावला, प्रधानाचार्य ए०जे० बट्सर उप-प्रधानाचार्या श्रीमती साधना बट्सर स्पोर्ट्स टीचर रघु रावत एवं समस्त शिक्षकों ने खुशी व्यक्त की। छात्र दिव्यांश जलाल ने इस उपलब्धि का श्रेय ईश्वर, माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया। अपने इस चयन प्रक्रिया को साझा करते हुए बताया कि जिला स्तर पर लिखित, मौखिक और मेडिकल परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत पुनः प्रदेश स्तर पर भी लिखित, मौखिक एवं मेडिकल परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद अंतिम चयन सूची में स्थान प्राप्त किया। उन्होंने अपने लक्ष्य के बारे में बताते हुए कहा कि वह भविष्य में हमारे देश के राष्ट्रीय खेल हॉकी की राष्ट्रीय टीम में शामिल होकर देश की सेवा करना चाहते हैं। बच्चे के माता-पिता ने इस उपलब्धि के लिए ईश्वर को धन्यवाद दिया और विद्यालय के चैयरमैन गुरनाम सिंह चावला, वॉइस चेयरमैन सतनाम सिंह चावला के छात्रों के प्रति समर्पण भाव, प्रधानाचार्य ए०जे० बट्सर, उप-प्रधानाचार्या श्रीमती साधना बसर के कुशल नेतृत्व एवं विद्यालय शिक्षकों के कठिन परिश्रम के लिए विद्यालय का आभार व्यक्त किया।

# दिव्य जाग्रति संस्थान में बच्चों के लिए संस्कारशाला आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की रुद्रपुर शाखा में तीन दिवसीय संस्कारशाला कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें साध्वी सविता भारती, साध्वी पंकजा भारती व साध्वी रबिया भारती ने बच्चों को संस्कारों की महत्ता समझाई। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति संस्कारों से श्रेष्ठ मानी गई है पर आज बच्चे उन्हें संस्कारों को भूल गए हैं। साध्वी बहनों ने समझाते हुए कहा कि पहले जमाने में जहां बच्चे आपस में मिलजुल कर खेल खेला करते थे और फल स्वरूप मानसिक और शारीरिक रूप से तंदुरुस्त रहते थे वही आज वह मोबाइल पर ही दोस्तों से मिल लेते हैं जिसके कारण तनाव व मानसिक दबाव से जूझते हैं। आजकल बच्चे घर परिवार व दोस्तों की नाराजगी की परवाह के बगैर ऑनलाइन दुनिया से जुड़े रहते हैं। एक बार एक बच्चा अपने पिता के साथ पतंग उड़ा रहा था तो बच्चे ने कहा पापा आप इसकी डोर काट दीजिए फिर यह और ऊंचा उड़ेगा पर पापा ने जब ऐसा किया तो पतंग नीचे गिर गई फिर जब बच्चे ने पापा से प्रश्न पूछा कि पापा ऐसा क्यों हुआ तो उसे जवाब मिला की पतंग अपने सहारे से कट गई थी जिसके सहारे वो इतनी ऊंची और पा रही थी। हमने उस डोर को ही काट दिया इसलिए वह नीचे गिर गई। ठीक ऐसे ही हम बच्चे भी हैं बच्चों की डोर उनका परिवार दोस्त होते हैं। अगर इन सभी से कटकर सारा दिन मोबाइल पर ही लगे रहेंगे तो कभी ऊंचाइयों को नहीं छू पाएंगे। साथ ही साध्वी उमा भारती ने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए पौष्टिक आहार लेना अति आवश्यक है ना कि फास्ट फूड कोल्ड ड्रिंक्स। इन सब से हमारे स्वास्थ्य के साथ-साथ हमारी आयु पर भी प्रभाव पड़ता है। इस प्रकार विभिन्न प्रकार की गतिविधियां जैसे गेम्स सिंगिंग डांसिंग व ड्रॉइंग के माध्यम से बच्चों को भारतीय संस्कारों से अवगत कराया गया।





# पुरोला के मुस्लिम समुदाय को संरक्षण देने की मांग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सपा प्रदेश प्रभारी अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने मुख्यमंत्री को लिखे ज्ञापन में पुरोला में निवासरत मुस्लिम समुदाय के परिवारों को संरक्षण देने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि उत्तराखण्ड के जनपद उत्तरकाशी के कस्बा पुरोला में एक अल्पसंख्यक समुदाय व एक स्थानीय समुदाय के युवको द्वारा एक बच्ची को बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाने का प्रकरण प्रकाश में आया था। जिसके पश्चात पुलिस द्वारा अरोपित युवको के विरूद्ध कार्यवाही कर जेल भेजा जा चुका है। इसके पश्चात भी उत्तरकाशी में निवासरत मुस्लिम अल्पसंख्यक समुदाय के लोगो जबरन पलायन करने को मजबूर किया जा रहा है। जिससे मुस्लिम समुदाय के लोग अपने आपको असुरक्षित महसूस कर पलायन करने को मजबूर हो रहे है। जबकि उक्त अल्पसंख्यक समुदाय के लोग वर्षो से मैत्रीपूर्ण सौहार्द स्थापित कर भाईचारे के साथ अपना जीवन यापन कर रहे हैं। ज्ञापन में उन्होंने मुख्यमंत्री से जनपद उत्तरकाशी से पलायन कर रहे मुस्लिम अल्पसंख्यको को सुरक्षा प्रदान करते हुए उनको पुनः अपने दुकान मकानो में निवास करने हेतु उचित कार्यवाही करने का निर्देश देने का आग्रह किया है। जो लोग पलायन कर चुके हैं उन्हे भी वापस बुलवाकर यथा स्थानो पर ही पुनः स्थापित करने के निर्देश देने की मांग की है।

# नगर पंचायत ने नानकसागर बैराज पर चलाया स्वच्छता अभियान

नानकमत्ता(उद संवाददाता)।भारत सरकार के स्वच्छता भारत मिशन अभियान के तहत नगर पंचायत ईओ विमला जोशी के नेतृत्व सभासद पंचायत कर्मियों पर्यावरण मित्रों और सफाई कार्मियों ने नानकसागर बैराज, बाउली साहिब, एवं नगर के विभिन्न वार्डों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। नगर पंचायत के द्वारा लोगों को गीला सूखा कूड़ा अलग अलग रखने पर्यावरण की सुरक्षा के लिए यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए जागरूक किया।



स्वच्छता सप्ताह के तहत अभियान के माध्यम से लोगों को घरों के आसपास स्वच्छता रखने का आग्रह किया। नगर पंचायत द्वारा चलाए जा रहे सफाई अभियान में जनप्रतिनिधियों नगरवासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। ईओ विमला जोशी ने बताया कि स्वच्छता अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस मौके सभासद प्रदीप विश्वास, रंजीत राणा, जितेंद्र राणा, उमेश राणा सुमित राणा, पूजा जोशी, सोनू, ओंमकार, कृष्णा भट्ट, विकास, सूरज, रजनी,तारुन गुलाटी, आदि कर्मचारी मौजूद थे।



# घर में घुसकर मारपीट और लूटपाट करने वालों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

नानकमत्ता(उद संवाददाता)।नानकमत्ता घर में घुसकर मारपीट व लूटपाट करने वाले चार नामजद सहित अन्य के खिलाफ पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्राम पहसैनी निवासी बीरो कौर पत्नी मलकीत सिंह ने न्यायालय में पेश दावे में कहा कि 28 फरवरी को ग्राम टुकड़ी निवासी अमनदीप सिंह, राजू सिंह, केवल सिंह एवं ग्राम बेगुलडाम गोठा निवासी अंग्रेज सिंह आपके अन्य 10 साथियों के साथ उनके घर का मेन गेट तोड़कर घर में घुस आये है। आरोपियों ने हथियारों के बल पर उसके तथा पति साथ मारपीट की एवं सोने के दो कुंडल एवं टुल्लू पंप चोरी कर लिया। शोर मचाने पर आसपास के लोगों के पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। 108 एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सितारगंज में उनका इलाज हुआ। पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न करने पर पीड़िता बीरो कौर ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने नामजद आरोपियों सहित अन्य के खिलाफ आईपीसी की धारा 323, 392, 427, 452, 504, 506 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सुख समृद्धि के लिए किया गया हनुमान चालीसा का पाठ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र में सुख समृद्धि के लिए श्री सनातन धर्म सभा की ओर से मंगलवार को श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। समाजसेवी नरेश कुमार सेठ ने बताया कि अब प्रत्येक मंगलवार को रात्रि आठ बजे से पांच मंदिर में श्री हनुमान चालीसा का पाठ होगा। हनुमान चालीसा पाठ के दौरान महेश बब्बर, नरेश कुमार, विजय जग्गा, सीता राम अरोरा, बॉबी अरोरा, हरीश सुखीजा, राकेश सुखीजा, ओमप्रकाश अरोरा, सहित तमाम लोग मौजूद थे। पाठ के भोग के बाद प्रसाद बांटा गया। प्रधान महेश बब्बर ने सभी संगत का आभार व्यक्त किया।

# एसबीआई में सर्वर डाउन होने से खाताधारकों की फजीहत

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। स्टेट बैंक की शक्तिफार्म शाखा सोमवार और मंगलवार सर्वर डाउन होने से खाताधारकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बता दें आये दिन सर्वर डाउन होने से बैंक का कार्य बाधित होता है जिससे लेनदेन करने वाले बैंक ग्राहकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आये दिन ऐसे स्थिति उत्पन्न हो जाती है। खाताधारको का कहना था कि कई बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा। तपती धूप में दूर दराज से अपने काम काज छोड़कर लोग बैंक पहुंचते हैं लेकिन सर्वर डाउन होने के कारण उन्हें घंटों इंतजार करने के लिए मजबूर होना पड़ता है।


वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने वाली गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817


## सूचना सम्बंध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र राजू गलत संगत में पड़कर नशे का आदि हो गया है। जिसकी पूर्ति के लिए पैसे मांगता है। मना करने पर परिजनों से झगड़ा करता है। वह परिजनों का कहना नहीं मानता। उसके कृत्यों से तंग आकर मैंने पुत्र राजू से पारिवारिक सम्बंध विच्छेद करते हुए उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में राजू द्वारा किये गये किसी भी कार्य अथवा लेन देन के लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरा या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का इससे कोई सरोकार नहीं होगा।
कमला देवी पत्नी श्री बलवीर
निवासी- सुभाष कालोनी, वार्ड 14, सोनू कार वाटिका के पीछे, रूद्रपुर (ऊधमसिंह नगर)

# पुण्य तिथि पर स्व. इंदिरा हृदयेश को दी श्रद्धांजलि

## पूर्व सीएम हरीश रावत, बीएस कोश्यारी, महरा, आर्य, सरिता सहित विभिन्न संगठनों के लोगो ने किया नमन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पूर्व कबीना मंत्री एवं कांग्रेस की वरिष्ठ नेता स्वर्गीय इंदिरा हृदयेश की दूसरी पुण्यतिथि के मौके पर सौरभ होटल के लॉन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें उत्तराखंड के विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक व कई कर्मचारी यूनियनों से जुड़े तमाम बड़े नेता मौजूद रहे। उत्तराखंड के पूर्व सीएम हरीश रावत, महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण महरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, धारचूला से कांग्रेस विधायक हरीश धामी, नैनीताल की विधायक सरिता आर्य, पूर्व विधायक संजीव आर्य, पूर्व विधायक रंजीत रावत समेत कांग्रेस, बीजेपी के साथ





अन्य दलों के तमाम बड़े नेता और बड़ी संख्या में नगर व आस पास के क्षेत्र की जनता ने स्व. इंदिरा हृदयेश के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। सभी ने स्वर्गीय इंदिरा हृदयेश को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके द्वारा हल्द्वानी और पूरे उत्तराखंड राज्य के विकास के लिए किए गए कार्यों को याद किया। पूर्व मुख्यमंत्री व महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने स्वर्गीय इंदिरा हृदयेश को बोल्ड लेडी कहा तो नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने अजातशत्रु और हरीश रावत ने एक कुशल लीडर कहा। इन सभी नेताओं ने इंदिरा हृदयेश द्वारा किए गए कार्यों को याद किया और अपने साथ बिताए हुए पलों को साझा किया। वहीं कांग्रेस के हल्द्वानी से विधायक और स्वर्गीय इंदिरा हृदयेश के सुपुत्र सुमित हृदयेश ने कहा कि आज भी इंदिरा हृदयेश की कमी उनको और पूरे शहर को खलती है। उनकी यादों और उनके दिखाए गए रास्ते पर चलने का हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने संकल्प लिया। इस दौरान गोविंद सिंह कुंजवाल, अब्दुल मतीन सिद्दीकी, हरीश मेहता, हेमंत साहू, सुमित्तर भुल्लर, गोविंद सिंह बिष्ट, नीमा भट्ट, हेम पांडे, जाकिर हुसैन, राधा आर्य, मोहम्मद गुफरान, ललित जोशी, गुरप्रीत प्रिंस, मलय बिष्ट, हर्षित भट्ट, मयंक भट्ट , विनोद कुमार, दीपा सागुड़ी, गीता बहुगुणा, गजेंद्र गोनिया, कैलाश साह, कौशलेंद्र भट्ट , अमित रावत, मन्नू तुलेरा, नितिन भट्ट , जावेद, बबलू बिष्ट, शंकर कोहली, शादाब, प्रेम कुमार, शानू अल्वी आदि मौजूद थे।

# रुद्रपुर क्षेत्र में दोगुनी होगी सस्ता गल्ला की दुकानें

## विधायक अरोरा ने नई दुकानों के आवंटन हेतु विभाग को किया निर्देशित

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा के कैम्प कार्यालय पर खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक हुई । जिसमें पूर्ति विभाग की ओर से जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार सहित सप्लाई इसपेंक्टर मौजूद रहे। बैठक में विधायक शिव अरोरा द्वारा मुख्य रूप से घनी आबादी वाले क्षेत्र जैसे ट्रांजिट कैम्प रम्पुरा में बहुत बड़ी आबादी पर मात्र एक ही सस्ता गल्ला की दुकान संचालित है जिसमे लोगों को सुबह 4 बजे से अपना राशन लेने के लिये लाइन में लगाना पड़ता है , वही काफी बार वह राशन से वंचित भी रह जाते हैं ऐसी स्थिति को देखते हुए विधायक शिव अरोरा ने खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया ऐसी घनी आबादी वाले क्षेत्रों में सस्ता गल्ला दुकानों को संख्या में वृद्धि हो जिसमें ट्रांजिट कैम्प में कम से कम सात दुकानें, रम्पुरा जैसे क्षेत्रों में तीन दुकान हो जिससे आमजन को लम्बी लाइन ओर अपने क्षेत्र से दूर दराज स्थान पर जाकर राशन न लेना पड़े। विधायक शिव अरोरा ने बैठक के दौरान कहा जो



सस्ता गल्ला दुकान स्वामी की मृत्यु हो गयी है और कुछ विभाग को विभाग द्वारा निलम्बित कर दिया गया था ऐसी दुकाने बहुत लंबे समय से वर्तमान में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में संचालित दुकान जिनकी संख्या लगभग 52 है और उनपर काफी दुकाने अटैच्ड चल रही है ऐसी जिनको पुनः आबंटित किया जाये विभाग के अनुसार ऐसी दुकानों की कुल संख्या 45 है जिनको नई सिरे से रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में आबंटित किया जाना है ।विधायक अरोरा ने कहा विभाग नये दुकानों के आवंटन की प्रकिया को जल्द ही अस्तित्व में लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देशित किया कि यह लम्बी लाइन में लगने ओर दूर दराज क्षेत्र में जनता को राशन लेने के लिये जाना पड़े अब यह व्यवस्था पर विराम लगाना ही है, विधायक ने कहा उनके होते हुए क्षेत्र की जनता को राशन के लिये जूझना पड़े यह अब नही चलेगा। राशन वितरण प्रणाली में भी पारदर्शिता रहे और समय से जनता को पूर्व सूचना के साथ राशन उपलब्ध हो यह भी विभाग सुनिश्चित कर लें। विधायक शिव अरोरा ने कहा नई दुकानों के आबंटन से जनता को काफी राहत मिलेगी साथ ही हो रही असुविधा में भी कमी आयेगी। इस दौरान खाद्य पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार, सप्लाई स्पेक्टर ग्रामीण हरीश कांडपाल , विनोद तिवारी ,भरत सिंहः राणा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# स्व. इंदिरा हृदयेश को दी श्रद्धांजलि

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। प्रदेश की पूर्व कैबिनेट मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री स्वर्गीय इंदिरा हिरदेश की पुण्यतिथि के अवसर पर उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने भी हल्द्वानी पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की । इस अवसर पर ज्योति रौतेला ने कहा कि स्वर्गीय इंदिरा हृदयेश लौह महिला और विकास की पर्याय के रूप में हमेशा याद की जाती रहेंगी। इस अवसर पर उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा



ने कहा कि स्वर्गीय इंदिरा हिरदेश उत्तराखंड की राजनीति में अपना विशेष महत्व रखती थी। श्रीमती शर्मा ने कहा कि उन्हें संसदीय मामलों का ज्ञाता कहा जाता था और उनके नेतृत्व में उत्तराखंड का चहुँमुखी विकास हुआ, इसे उत्तराखंड के लोग हमेशा याद करते रहेंगे स श्रद्धांजलि देने वाले अन्य प्रमुख लोगों में उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष अलका पाल, रुद्रपुर महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली, महिला कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री पुष्पलता तिवारी, जया कर्नाटक, शोभा बिष्ट सहित बड़ी संख्या में अन्य महिला कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थी।

# सिटी मजिस्ट्रेट ने छापेमारी कर पकड़ी शराब और घरेलू सिलेंडर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने अवैध शराब बिक्री तथा घरेलू सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग के खिलाफ अपना अभियान निरंतर जारी रखा हुआ है। उनके द्वारा औचक निरीक्षण में भारी मात्रा में शराब बरामद की जा चुकी है। एस लगातार मिल रही अवैध शराब की सूचना पर अब सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने ढाबों में बिक रही अवैध शराब बरामद की। जानकारी के अनुसार उन्होंने सुशीला तिवारी के पास, मंडी, पुरानी आईटीआई, रामपुर रोड पर छापेमारी की। इस दौरान कुछ होटल, ढाबों में घरेलू सिलेंडर का उपयोग किये जाने का मामला भी सामने आया। जिस पर मौके पर आपूर्ति विभाग को बुला कर सिलिंडर जब्त किए गए एवम संबंधित दुकानदार के विरुद्ध आवश्यक वस्तु



अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया गया। साथ ही साथ ढाबों में बिक रही अवैध शराब बरामद की गई। ऐसे ढाबा स्वामियों पर भी आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया गया। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के कारोबार को बिल्कुल भी पनपने नहीं दिया जायेगा। सिटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पूर्ति विभाग द्वारा औचक निरीक्षण कर अनेक होटलों से व्यवसायिक उपयोग होते 27 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त कर कार्रवाई शुरू कर दी। प्रशासन की एकाएक कार्रवाई से होटल संचालकों में हड़कंप मच गया। बरामद सिलेंडरों में चार एचपी, 11 इंडेन और 12 भारत गैस कंपनी के सिलेंडर शामिल हैं। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने बताया कि उनके नेतृत्व में टीम ने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडर के इस्तेमाल के खिलाफ अभियान चलाते हुए रामपुर रोड स्थित होटलों में छापेमारी की सभी सिलेंडर जब्त कर आख्या डीएम को भेजी जाएगी। इसके बाद ही आगे की कार्रवाई होगी। टीम में वरिष्ठ पूर्ति निरीक्षक रवि सनवाल, पूर्ति निरीक्षक रेनू त्रिपाठी, लिपिक मीनाक्षी बोरा, मनीष उप्रेती आदि शामिल थे। प्रशासनिक टीम ने आगे की कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेजी है।

# मांगों को लेकर सीएम को सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। मोदी विकास मिशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता दिलीप सिंह मक्कड़ ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर विभिन्न मागों को लेकर ज्ञापन सौंपा। दिये ज्ञापन में श्री मक्कड़ ने बीपीएल परिवारों का बिजली बिल माफ करने, वर्षों



से भूमि पर काबिज किसानों को मालिकाना हक देने, दशकों से बसे गांवों में रह रहे लोगों को मालिकाना हक देने, गरीब किसानों का कम से कम दो लाख का कर्ज माफ करने एवं आर्थिक रूप से कमजोर एवं दिव्यांगों को निःशुल्क बिजली देने की मांग की।

# पीआईबीएम महाविद्यालय में आयोजित करेगी प्लेसमेंट प्रोग्राम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने पुणे इंस्टीट्यूट आफ



बिजनेस मैनेजमेंट से एक मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किये। दोनों संस्थाओं के मध्य यह प्रक्रिया नई शिक्षा नीति 2020 के आधार पर की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. कमल किशोर पांडे ने छात्र हित एवं संस्था के उत्तरोत्तर विकास के लिए इस एमओयू को एक बड़ा कदम माना। इसके पश्चात पुणे इंस्टीट्यूट आफ बिजनेस मैनेजमेंट महाविद्यालय में प्लेसमेंट के तमाम कार्यक्रम का आयोजन करेगी। महाविद्यालय के प्लेसमेंट प्रभारी प्रो. मनोज पांडे ने बताया कि इंस्टीट्यूट आफ बिजनेस मैनेजमेंट पुणे अब महाविद्यालय में फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम, स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम, स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम, लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, स्टूडेंट प्लेसमेंट और जॉइंट रिसर्च एक्टिविटी जैसे तमाम कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। इस अवसर पर पुणे इंस्टीट्यूट आफ बिजनेस मैनेजमेंट के मुकेश कुमार गुप्ता एवं भारत जायसवाल तथा महाविद्यालय से डॉ. नरेश कुमार प्रो. मनोज पांडे आदि उपस्थित थे।

# कार्यकर्ता पार्टी के प्रति निभाएं अपना दायित्व: विकल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भाजपा जिला मुख्यालय में महाजनसंपर्क अभियान के निमित्त विधानसभा रूद्रपुर



का संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता खूब सिंह विकल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के नौ वर्षों में किए गए जनहित के विकासकार्यों की सराहना की गई तथा मोर्चे के प्रत्येक पदाधिकारी को अपनी उनकी जिम्मेदारी से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता पार्टी के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करे। जिससे की मोर्चे का प्रत्येक पदाधिकारी अपने ऊपर विश्वास करके पार्टी को 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में पुनः विजय दिलाने का कार्य करेगा। इस दौरान जिला महामंत्री अमित नारंग, कार्यक्रम संयोजक व जिला महामंत्री भाजयुमो बिट्टू चौहान, जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, कार्यक्रम प्रभारी हरीश खानवानी, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा धीरेन्द्र मिश्रा, प्रदेश मंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा परवेज खान, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा जुल्फिकार अली, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा रश्मि रस्तोगी व अन्य मोर्चा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# छोड़ सारी दुनिया ..मैं आया तेरे द्वारे

## चोला श्रृंगार, विशाल भंडारा एवं भव्य दरबार आयोजित





दिनेशपुर(उद संवाददाता)।श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेंद्र अग्रवाल के सानिध्य में श्री बालाजी मंदिर दिनेशपुर में श्री बालाजीमहाराज, श्री भैरव जी एवं श्री प्रेतराज सरकार जी को चोला श्रृंगार किया गया। भव्य दरबार सजाया गया एवं विशाल भंडारे काआयोजन किया गया। जिसमें दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने श्री बालाजी महाराज के चरणो में अपनी अपनी हाजिरी लगाई एवं भंडारे काप्रसाद ग्रहण किया। दरबार का शुभारंभ विधिवत रूप से ज्योत प्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी कीआरती, श्री हनुमान चालीसा एवं आज मंगलवार है महावीर का वार है भजन से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल काभक्तो द्वारा फूल मालायें पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। उसके पश्चात महंत जी ने छोड़ सारी दुनिया मैं आया तेरे द्वारे आदि भजनसुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। उसके पश्चात महन्त जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ सभी भक्तों ने दूत महाराज से आशीर्वादप्राप्त किया। वही भजनों की श्रृंखला में शिव कुमार ने बोलो श्री राम जय राम जय जय राम, बिट्टू अरोरा ने जब कोई नहीं आता हनुमानआते है, हरिचरण सिंह ने जो प्रेम से बोलेगा बाबा के जयकारे, लवी अरोरा ने जैसा चाहो मुझको समझना, अजय जायसवाल ने अंजनीका लाल रे भक्तों का रखवाला रे, पवन खेड़ा ने जरा घूमने तो घाटे चलिये, विशाल मदान ने फरियाद मेरी बाबा सुनते ही चले आना, जयप्रकाश गर्ग ने बजरंग बाला जपू तेरी माला, गोविंद ग्रोवर ने बाबा ने बुलाया है दरबार हमे जाना है, सुनील कुमार ने बड़े अरमान ले बाबातेरे दरबार आया हूँ, दीपु सैनी ने जो भी आया तेरे द्वार, राजपाल ने दुनिया में देव हजारो है बजरंग बली का क्या कहना, वैभव गगनेजा नेरखवाला प्रतिपाला मेरा लाल लंगोट वाला, नितिन रस्तोगी ने चोला चमके बाबा का चोला चमके, कृष्ण छाबड़ा ने बाबा सबकी सुनती हैसुनेंगे मेरी भी, सुरेश मित्तल ने साँस देना प्रभु इतनी तो कम से कम, गुरमेल सिंह ने हे बालरूप हनुमंता, भजन सुनाकर सबको भक्तिमयकर दिया। उसके पश्चात बाबा का पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज जी की, श्री भैरव बाबा की आरती हुईएवं बाबा की आरती के छीटें एवं बाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर बलदेव डाबर, नरेश ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, खैरात कुमार, शिव कुमार, सुनील कुमार, लवी अरोरा, हरिचरण सिंह, पवन खेड़ा, बिट्टू अरोरा, सौरभ अग्रवाल, सन्नी नारंग, हरीश कुमार, धर्मवीर चौधरी, मेघराज, अजय जायसवाल, पवन कुमार, वैभव गगनेजा, कृष्ण छाबड़ा, मदन लालखन्ना, नितिन रस्तोगी, सुरेश मित्तल, केसर पाहवा, सुभाष गोयल, सुमित बब्बर, अंश अरोरा, भारत शर्मा, ओम शंकर श्रीवास्तव, दिनेशमित्तल, शैलेश मित्तल, केवल पाठक, राजकुमार वर्मा, अनटू रस्तोगी, विजय कृष्ण शास्त्री, कन्हैया लाल, महेंद्र बंसल, अंकित गगनेजा, रवींद्र चौहान, डी के करगेती, अंकित गुप्ता एवं गौरव अग्रवाल आदि सैंकड़ों भक्त मौजूद थे।

## स्कूटी पर अंग्रेजी शराब ले जाता दुकानदार पकड़ा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आबकारी विभाग द्वारा शराब अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान एक दुकानदार को स्कूटी पर बिक्री हेतु अवैध रूप से एक पेटी अंग्रेजी शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार



आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब की बिकी की रोकथाम हेतु बरेली रोड, पुरानी आईटीआई के निकट वाहनों की चौकिंग की जा रही थी। इस दौरान तीन पानी की ओर से मण्डी की तरफ आती स्कूटी संख्या यूके 04 वी 5310 को रोककर वहां की तलाशी ली गई तो वाहन चालक के पास से एक काला बैग बरामद हुआ। बैग की तलाशी लेने पर उसके अन्दर से एक पेटी अंग्रेजी शराब मैकडावल व्हिस्की की बरामद हुयी। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता पंकज पुत्र आनन्द बल्लभ निवासी बरेली रोड़ बताया। उसने बताया कि इस शराब को वह बढ़े दामों पर अपनी दुकान में बेचने के इरादे से ले जा रहा है। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर स्कूटी सीज कर दी तथा पंकज के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया।

## नजूल नीति पुन: बहाली पर विधायक अरोरा का किया अभिनंदन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भाईचारा एकता मंच एक मात्र ऐसा संगठन है जो बस्तियों के गरीब, मजलूम व महिलाओं के अधिकार के लिए संघर्ष करता है ।भाईचारा एकता मंच विभिन्न तरीकों से महिलाओं को आत्मनिर्भर व साक्षर बनाने के लिए प्रयासरत है जो एक सराहनीय कदम है। उक्त विचार भाईचारा एकता मंच के द्वितीय मीडिया सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे विधायक शिव अरोड़ा ने कहे ।उन्होंने कहा कि भाईचारा एकता मंच द्वारा किए जा रहे कार्य सराहनीय है। लंबे समय से शहर की प्रमुख समस्या रही नजूल पर मालिकाना हक का समाधान कराते हुए हर गरीब व्यक्ति को 50 वर्ग गज नजूल पर फ्री मालिकाना हक का प्रावधान नई नजूल नीति में करा दिया गया है ।जो भाईचारा एकता मंच द्वारा लंबे समय से मांग की जा रही थी ।भाईचारा एकता मंच के मीडिया सम्मान समारोह में शहर की नजूल नीति की पुन: बहाली पर भाईचारा एकता मंच के पदाधिकारियों द्वारा विधायक शिव अरोड़ा का अभिनंदन किया गया।इसी कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार असलम कोहरा द्वारा संपादित मासिक पत्रिका क्षितिज के पार का विमोचन भी किया गया। संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष केपी गंगवार ने कार्यक्रम



में पहुंचे सभी अतिथियों, मीडिया कर्मियों का स्वागत किया और उनके द्वारा किए जा रहे सहयोग के लिए धन्यवाद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ भाजपा नेता राम प्रकाश गुप्ता ने भी भाईचारा एकता मंच द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर भाईचारा एकता मंच के प्रदेश अध्यक्ष दीपक कुमार ,संगठन की मुख्य संयोजिका काजल गंगवार, प्रदेश महामंत्री मुमताज अहमद ,रेनू जुनेजा प्रदेश कोषाध्यक्ष नन्नू सिंह पाल, प्रदेश संयोजिका ममता श्रीवास्तव, सुमन पन्त, शीला चौधरी ,जिला अध्यक्ष उधम सिंह नगर कपिल सिन्हा, महिला जिलाध्यक्ष ताप्ती राय, जिलाध्यक्ष नैनीताल चंपा त्रिपाठी, जिला महामंत्री मंजूशाह, महानगर अध्यक्ष रुद्रपुर उमेश भारती, महिला महानगर अध्यक्ष नीलम अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष हल्द्वानी भवानी बिष्ट, पंतनगर अध्यक्ष भावना सक्सेना आदि द्वारा कार्यक्रम में पहुंचे पत्रकार साथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार रमेश चंद्रा ,सुरेंद्र गिरधर, नरोत्तम दुबे ललित राठौर गोपाल भारती, मुकेश कुमार ,रामपाल सिंह धनकर ,सलीम खान ,संजीव गायन ,आशु अहमद, सुधीर मिश्रा, अर्जुन कुमार ,सुरेंद्र सुनील गुप्ता, आदि दर्जनों पत्रकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया इस अवसर पर मुख्य रूप से आस्था जूनियर हाई स्कूल के प्रबंधक पंकज दास गुप्ता ,वरिष्ठ समाजसेवी संदीपनी सरकार, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्य प्रकाश चौहान , भाईचारा एकता मंच से गीता सिंह ,आशा मुंजाल, सुनीता ,हरप्रीत कौर, शकुंतला गंगवार ,सुशीला, सीमा विश्वास, कंचन, आरती मौर्या, नीरू मिश्रा, शालिनी गुप्ता सहित सैकड़ों पदाधिकारी व सदस्यगण मौजूद रहे




# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## औद्योगिक उत्पादन

औद्योगिक उत्पादन न बढ़ने का असर सीधा नए रोजगार के सृजन पर पड़ता है। राहत की बात है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई घट कर पिछले पच्चीस महीनों के निचले स्तर पर पहुंच गई है। मई में यह 4.25 फीसद दर्ज हुई। पिछले साल इसी अवधि में यह 7.04 फीसद पर थी। खुदरा महंगाई के काबू में न आ पाने की वजह से स्वाभाविक ही सरकार के माथे पर बल नजर आने लगे थे। भारतीय रिजर्व बैंक ने इस पर काबू पाने के मकसद से कई बार नीतिगत दरों में बदलाव करते हुए रेपो दरें ढाई फीसद तक बढ़ा दीं। उसका कहना था कि महंगाई अगर छह फीसद से नीचे के स्तर पर बनी रहती है, तो विकास दर में उल्लेखनीय प्रगति आने लगेगी। इस लिहाज से रिजर्व बैंक के लिए भी राहत की बात है, क्योंकि अब उस पर मौद्रिक नीति में बदलाव का मनोवैज्ञानिक दबाव नहीं रहेगा। हालांकि पिछले महीने भी जब खुदरा महंगाई दर में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज हुई थी तो औद्योगिक परिसंघ के कुछ लोगों की अपेक्षा थी कि रिजर्व बैंक रेपो दरों में कटौती करेगा। मगर उसने दृढ़ता पूर्वक कह दिया कि किसी भी तरह का जोखिम मोल लेना अभी उचित नहीं कहा जा सकता, क्योंकि कुछ ही क्षेत्रों में कमी दर्ज हुई थी, कई क्षेत्रों में महंगाई की दर ऊपर का रुख बनाए हुई थी। ताजा आंकड़ों में भी खाद्य और ईंधन उत्पादों की कीमतों में नरमी की वजह से महंगाई दर में कमी दर्ज हुई है। उसमें भी उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों में काफी कमी आई है। खाद्य पदार्थों की महंगाई दर 2.91 फीसद दर्ज हुई, जबकि पिछले महीने यह 3.84 फीसद थी। इसमें भी सबसे अधिक गिरावट खाद्य तेलों और सब्जियों की कीमतों में दर्ज की गई, जबकि दालों और अनाज की महंगाई दर बढ़ कर क्रमश: 12.65 और 6.56 फीसद रही। अर्थशास्त्रियों ने आशंका जताई है कि चालू वित्तवर्ष की दूसरी छमाही में मानसून सामान्य से कम रहने की वजह से खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है। इससे जाहिर है कि फिलहाल रिजर्व बैंक के लिए जरूर कुछ राहत की बात है, मगर उसे लगातार महंगाई पर नजर रखनी पड़ेगी। खुदरा महंगाई की दर मानसून और कृषि उत्पादन पर भी काफी कुछ निर्भर करती है, इसलिए इसमें मौसमी प्रभावों को स्थायी समाधान नहीं माना जाता। महंगाई का रिश्ता औद्योगिक उत्पादन और रोजगार के अवसरों से भी जुड़ा होता है। मगर महंगाई के आंकड़ों के साथ ही औद्योगिक उत्पादन का जो आंकड़ा आया है, वह निराश करने वाला ही है। औद्योगिक उत्पादन की दर इस साल अप्रैल में 4.2 फीसद की दर से बढ़ा, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 6.7 फीसद था। विनिर्माण, खनन और बिजली उत्पादन का प्रदर्शन घटा है। कोरोना काल में बंदी की वजह से औद्योगिक इकाइयों की स्थिति काफी डांवाडोल हो गई थी, मगर फिर जब उसने गति पकड़ी तो उम्मीद की जा रही थी कि वह तेजी से आगे बढ़ेगी। मगर ऐसा हो न सका। औद्योगिक उत्पादन न बढ़ने का असर सीधा नए रोजगार के सृजन पर पड़ता है। जब लोगों के पास रोजगार नहीं रहेगा, तो उनकी क्रय क्षमता भी कम होगी। इस तरह वह बाजार में खर्च को लेकर अनुत्साहित ही रहेगा। यही वजह है कि घरेलू टिकाऊ वस्तुओं का उत्पादन भी घटा है। ऐसे में अगर सब्जियों और कच्चे कृषि उत्पाद की कीमतें घटने से महंगाई पर काबू नजर आता है, तो इसे लेकर बहुत उत्साहित होने की जरूरत नहीं।

# उत्तराखण्ड की बेटी दीक्षा अग्रवाल पहुंची टॉप टेन में

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड राज्य की बेटी दीक्षा अग्रवाल पुत्री अतुल अग्रवाल यूवाईएसएफ इंडिया नेशनल योगा स्पोर्ट्स चौंपियनशिप 2023 भुवनेश्वर उड़ीसा में 2 जून से 4 जून तक नेशनल योगा स्पोर्ट्स चौंपियनशिप में प्रतिभाग करते हुए राज्य का नाम रोशन किया। नेशनल योगा स्पोर्ट्स चौंपियनशिप में दीक्षा अग्रवाल ने योगासनों का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए टॉप टेन में अपना स्थान बनाया। नेशनल योगा स्पोर्ट्स चौंपियनशिप भुवनेश्वर उड़ीसा में राज्य से अकेली बेटी दीक्षा अग्रवाल थी। दीक्षा अग्रवाल द्वारा पूर्व में भी नैनीताल जिला योगा स्पोर्ट्स चौंपियनशिप वर्ष 2022 में रामनगर में हुई प्रथम स्थान प्राप्त किया था। महर्षी पतंजलि योगा चौंपियनशिप जो कि हल्द्वानी में आयोजित हुई उस में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। उत्तराखंड जिला योगा स्पोर्ट्स चौंपियनशिप जो कि वर्ष 2022 में ऋषिकेश में आयोजित की गई थी उस में तीसरा स्थान प्राप्त किया था। डब्लूएफएफ योगा उत्तराखंड राज्य चौंपियनशिप जो कि हरिद्वार में आयोजित की गई थी उसमें दीक्षा अग्रवाल ने उत्तराखंड राज्य में चौथा स्थान प्राप्त किया था। दीक्षा अग्रवाल अपनी इस सफलता से काफी उत्साहित नजर आई दीक्षा का कहना है कि योगा एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है जिसमें शरीर और आत्मा ( ध्यान ) को एकरूप करना ही योग कहलाता है। मन को शब्दों से मुक्त करके अपने आपको शांति और रिक्तता से जोडने का एक तरीका है योग। योग समझने से ज्यादा करने की विधि है। योग साधने से पहले योग के बारे में जानना बहुत जरुरी है। योग के कई सारे अंग और प्रकार होते हैं, जिनके जरिए हमें ध्यान, समाधि और मोक्ष तक पहुंचना होता है। श्योगश शब्द तथा इसकी प्रक्रिया और धारणा हिन्दू धर्म, जैन धर्म और बौद्ध धर्म में ध्यान प्रक्रिया से सम्बन्धित है। योग शब्द भारत से बौद्ध पन्थ के साथ चीन, जापान, तिब्बत, दक्षिण पूर्व एशिया और श्रीलंका में भी फैल गया है और इस समय सारे सभ्य जगत्ष् में लोग इससे परिचित हैं। सिद्धि के बाद पहली बार 11 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रत्येक वर्ष 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में मान्यता दी है। सबसे पहले श्योगश शब्द का उल्लेख ऋग्वेद में मिलता है। इसके बाद अनेक उपनिषदों में इसका उल्लेख आया है। कठोपनिषद में सबसे पहले योग शब्द उसी अर्थ में प्रयुक्त हुआ है जिस अर्थ में इसे आधुनिक समय में समझा जाता है। माना जाता है कि कठोपनिषद की रचना ईसापूर्व पांचवीं और तीसरी शताब्दी ईसापूर्व के बीच के कालखण्ड में हुई थी।पतञ्जलि का योगसूत्र योग का सबसे पूर्ण ग्रन्थ है। इसका रचनाकाल ईसा की प्रथम शताब्दी या उसके आसपास माना जाता है। हठ योग के ग्रन्थ 9 वीं से लेकर 11 वीं शताब्दी में रचे जाने लगे थे। इनका विकास तन्त्र से हुआ। पश्चिमी जगत में ष्योगष्को हठयोग के आधुनिक रूप में लिया जाता है जिसमें शारीरिक फिटनेस, तनाव शैथिल्य तथा विश्रान्ति की तकनीकों की प्रधानता है। ये तकनीकें मुख्यत: आसनों पर आधारित हैं जबकि परम्परागत योग का केन्द्र बिन्दु ध्यान है और वह सांसारिक लगावों से छुटकारा दिलाने का प्रयास करता है। पश्चिमी जगत में आधुनिक योग का प्रचार-प्रसार भारत से उन देशों में गये गुरुओं ने किया जो प्राय: स्वामी विवेकानन्द की पश्चिमी जगत में प्रसिद्धि के बाद वहाँ गये थे।




# स्मैक सहित दो भाई गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलभट्टा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान बाईक सवार दो नशा तस्कर सगे भाईयों को लाखों रूपये कीमत की स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी अनुसार अउनि सुरेश पसबोला साथी पुलिस कर्मियों हेका धरमवीर सिंह,का. महेन्द्र सिंह,चारू चंद पन्त के साथ गोला नदी पुल पास बहेडी की ओर से आने वाले संदिग्धों की चैकिग कर रहे थे। इसी दौरान दो व्यक्ति मोटर साईकिल संख्या यूके 04 एम 8847 पर बहेडी की ओर से तेजी से आये। पुलिस वालो को देख वह वापस बहेडी की ओर को वापस भागे और हडबडाकर में गिर पडे। पुलिस ने दोनो को पकड पूछताछ की तो उन्होंने अपना नाम पता जसवन्त सिंह विष्ट पुत्र स्व. सुनील विष्ट निवासी आदर्श नगर गली 6 थाना मुखानी, हल्द्वानी तथा धीरज विष्ट पुत्र स्व. सुनील सिंह बिष्ट निवासी उपरोक्त बताया। तलाशी लेने पर दोनों के पास से पन्नी में लिपटी कुल 30 ग्राम स्मैक बरामद हुई। उन्होंने बताया कि वह सगे भाई है तथा स्मैक पीने के आदी हैं। पिता सुनील विष्ट की मृत्यु हो चुकी है। यह स्मैक बहेडी निवासी एक व्यक्ति से खरीदकर लाये हैं। पुलिस ने बरामद स्मैक व अन्य सामान कब्जे में लेकर बाईक सीज कर दी। साथ ही दोनों भाईयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।



# श्री बाला जी महाराज का किया चोला श्रृंगार,आज सायं होगी भजन संध्या

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, हाइडिल कॉलोनी, नगर निगम के सामने, के वार्षिकोत्सव के शुभ अवसर पर आज विधि विधान से श्री बालाजी महाराज को स्नानोपरांत चोला चढ़ाया गया। तत्पश्चात भोग लगाया गया फिर आरती एवं प्रसाद वितरण हुआ। मंदिर में स्थापित अन्य श्री विग्रहों को पूर्ण विधि विधान के साथ शास्त्री जी द्वारा पूजा पाठ के स्नान उपरांत नया वस्त्र एवं आभूषण धारण कराए गये। इस मौके पर मंदिर में सुभाष शर्मा, अतुल बंसल, हरीश ठुकराल, संजय ठुकराल, संजय कुमार, महेश उप्रेती, मधुबाला उप्रेती, नैंसी बंसल, अश्वनी बजाज, अनीता बजाज, पारूल चौधरी, हेम जोशी, राजेश सैनी, आशीष काला आदि संगत उपस्थित रही। आज सायंकाल 6 बजे से मंदिर में भजन संध्या, राम कथा होगी। फिर भगवान को भोग लगाने के उपरांत विशाल भंडारा होगा जो प्रभु इच्छा तक अनवरत चलेगा। मंरि समिति ने सभी प्रभु भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्री सिद्धेश्वर महादेव जी का दर्शन, पूजन व प्रसाद पाने की अपील की है।



# पुलिस ने रेस्टोरेंट में पकड़ी शराब

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। रानीखेत कोतवाली पुलिस ने होटल ढाबा एवं रेस्टोरेंटों में चेकिंग के दौरान एक रेस्टोरेंट से 54 पव्वे अवैध शराब बरामद कर रेस्टोरेंट स्वामी को गिरफ्तासर कर लिया। एसएसपी के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत सीओ रानीखेत तिलक राम वर्मा के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रानीखेत हेम चन्द्र पंत के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी बिक्री की रोकथाम व होटल/ढाबा/रेस्टोरेंट चेकिंग के दौरान ताड़ीखेत में भीम सिंह निवासी सूखाताल हाल निवासी खनिया रानीखेत के रेस्टोरेंट से 54 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए कोतवाली रानीखेत में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक कश्मीर सिंह, हेड कानि0 राजेश कुमार, कानि0 अशोक गिरी आदि शामिल थे।



# फार्मासिस्ट ने स्टाफ नर्स के साथ की छेड़छाड़

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। स्वास्थ्य महकमे में तैनात स्टाफ नर्स के साथ फार्मासिस्ट द्वारा छेड़खानी का मामला सामने आया है। विरोध करने पर आरोपी चाकू लेकर महिला को धमकाने लगा। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी फार्मेसिस्ट के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ब्लॉक के एक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात स्टाफ नर्स ने आरोप लगाया कि 8 जून की सुबह वह हस्ताक्षर करने के लिए अस्पताल गई थी। वहां मौजूद फार्मासिस्ट ने उसके साथ छेड़खानी की। उसने आरोपी के चंगुल से बचने का प्रयास किया तो आरोपी नीचे गिर गया। आरोप है कि फार्मेसिस्ट बाद में चाकू लेकर पहुंच गया और उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने फार्मेसिस्ट की करतूत की सूचना वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों को दी। आरोप है कि 11 जून को फार्मेसिस्ट ने उसे देख लेने और नौकरी न करने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में फार्मासिस्ट एनके भट्ट के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हमला कर युवक को किया अधमरा

रूद्रपुर। गाली गलौच का विरोध करने पर एक युवक ने अपने साथियों को बुलाकर युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में युवक का सिर फटने से वह बुरी तरह लहुलूहान होकर गिर पड़ा। युवक को मरा समझकर हमलावर मौके से फरार हो गये। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मामले में हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में हंस विहार फेस 2 निवासी पिंटू पुत्र विगन ने बताया कि विगत रात्रि वह हंव बिहार मोहल्ले में पार्टी में गया था तभी मोहल्ले का ही राजीव गाली गलौच करने लगा। जब विरोध किया तो राजीव ने सात आठ लड़कों को बुला लिया। पीड़ित के मुताबिक उक्त सभी लोगों ने उसे रास्ते में घेरकर लाठी डण्डों, बेल्ड व चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे उसका सिर फट गया और वह बेहोश होकर गिर गया। मरा हुआ समझकर उक्त लोग फरार हो गये। पीड़ित का कहना है कि उक्त लोग आपराधिक किस्म के हैं जिनसे उन्हें जान का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

# सावधान: अब बिना ओटीपी के खाता खाली कर रहे हैं साईबर ठग

रुद्रपुर। साईबर ठगों का जाल दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। अब ठग बिना ओटीपी पूछे लोगों के खाते से सीधे रुपये उड़ा रहे हैं। इसके लिए वह कई तरह के हथकंडों का इस्तेमाल कर लोगों को झांसे में ले रहे हैं और पल भर में खाता खाली कर देते हैं। साइबर पुलिस ने लोगों को ऐसे ठगों से सावधान रहने का निर्देश दिया है। मोबाइल फोन और ई-मेल आईडी का सावधानी पूर्वक इस्तेमाल करने की बात की है। पहले साइबर ठग लोगों को फोन कर लुभावने ऑफर दे कर उन्हें झांसे में लेते थे और बाद में फोन में आए ओटीपी को पूछ कर खाते से लाखों रुपये की रकम उड़ा देते थे लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा। अब ठग बिना ओटीपी पूछे सीधे खाते से रुपये उड़ा देते हैं। ठग लोगों की ई-मेल को अपने कब्जे में ले लेते हैं और उसमें आए ओटीपी को चुरा कर खुद ही खाते से रकम उड़ा देते हैं। इसके अलावा वह लोगों ने फोन में अनजान एप डाउनलोड करवा देते हैं और कुछ लिंक भी भेजते हैं। जिससे पूरा फोन उनके कब्जे में हो जाता है। इससे वह आसानी से लोगों के फोन में आए ओटीपी को चुरा कर खाते से रकम उड़ा देते हैं। पुलिस कार्यालय में मौजूद साइबर सेल में जनवरी से ले कर अब तक इस तरह के 10 से अधिक मामले आए हैं। हालांकि कुछ लोगों को उनकी गई रकम भी वापस हुई है। साइबर पुलिस ने ऐसे ठगों से सावधान रहने का निर्देश दिया है। कुमाऊं साइबर/एसटीएफ थाना सीओ सुमित पांडे ने बताया कि ऐसी वारदात होने पर तुरंत 1930 में कॉल करे। पीड़ित को रुपये वापस दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इसके अलावा ऐसे ठगों से लोग सावधान रहें।ई-मेल आईडी का पासवर्ड हर माह बदलते रहें और मजबूत पासवर्ड बनाएं। ई-मेल आईडी में जन्मतिथि और मोबाइल नंबर को पासवर्ड न बनाएं। अनजान एप को मोबाइल में डाउनलोड न करें। मोबाइल में आए अनजान लिंक पर क्लिक न करें। किसी भी लुभावने ऑफर और झांसे में न आएं।

# भीम आर्मी ने पेयजल समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान के नेतृत्व में जीतपुर नेगी के क्षेत्रवासियों के शिष्ट मंडल ने ग्राम की पेयजल समस्या को लेकर उप जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया और पेयजल समस्या का अविलंब समाधान किए जाने का अनुरोध किया। क्षेत्रवासियों का कहना था कि बहुत भागदौड़ करके जिन लोगों ने ट्यूबवेल लगवाया था उन्हीं लोगों के घरों में पेयजल की समस्या जानबूझ कर खड़ी की गई है। कुछ दबंगई लोगों ने बीच बीच में कई वॉल लगवा दिए हैं। उनके घरों में पेयजल की कोई समस्या नहीं है। कुछ लोगों की दबंगई और पेयजल समस्या के लिए शासन और प्रशासन के यहां अनेकों बार गुहार लगाई जा चुकी है। उनका कहना था कि दलित समुदाय के परिवारों को पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित किया जा रहा है जो एक अमानवीय कृत्य है।भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि यताशीघ्र समस्या का समाधान नहीं किया तो उग्र आंदोलन के तहत पेयजल सप्लाई स्थल में तालाबंदी कर दी जाएगा। ज्ञापन देने वालों में सिराज अहमद, नफीस अहमद खान, हरीश लोधी, मोहनलाल आर्य, कैलाश चंद्र, पूरन चंद्र, लक्ष्मण राम, भूपाल राम, सूरज कुमार, संजय कश्यप, गौरव सतवाल, किशन सिंह, शेखर राम, यशपाल आर्य, मोहम्मद अय्यूब, सुलेमान मालिक आदि उपस्थित थे।



# कुल्हाड़ी और चापड़ से काटकर नदी में बहा दिए थे लाशों के टुकड़े

- केलाखेड़ा में हुए सनसनीखेज हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा
- दो हत्यारोपियो को गिरफ्तार कर हथियार व शवों के टुकड़े बरामद किये
- भतीजों ने ही की थी जोगेंद्रो की हत्या, ससुर गुरमीत को भी मार डाला

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। ऊधमसिंहनगर जिले के केलाखेड़ा में हुए सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। गिरवी रखी जमीन की रंजिश में हत्यारोपी भतीजों गुरदेव और धर्मेंद्र जो चचेरे भाई हैं ने बुआ जोगेंद्रो की हत्या की थी। जबकि हत्याकांड सेपूर्व कारतूस लाने के लिए दिए रुपये हड़पने पर उन्होंने ससुर की जान ली थी। दोनों के शवों को ठिकाने लगाने के लिए कुल्हाड़ी और चापड़ से कई टुकड़े कर नदी में बहा दिए थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त हथियार और कुछ मानव अंग बरामद किए हैं। आरोपी काफी पहले से अपनी बुआ से रंजिश रखते थे। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने मंगलवार शाम पुलिस कार्यालय में घटना का खुलासा करते हुए बताया कि पांच जून की रात केलाखेड़ा के गांव रंपुराकाजी निवासी जोगेंद्रो बाई (45) अचानक लापता हो गई थी। छह जून को उनकी भांजी ने पुलिस थाने पहुंचकर मामले की सूचना दी। सात जून को पुलिस ने गांव के नजदीक बह रही बौर नदी से दो पैर बरामद किए थे और कुछ देर बाद पुलिस को एक पंजा भी मिला था। परिजनों ने दोनों पैर जोगेंद्रो बाई के बताए। वहीं नदी से मिला पंचा जोगेंद्रो के एक रिश्तेदार नानकमत्ता निवासी गुरमीत का बताया गया। घटना के बाद पुलिस ने गांव के 12 से अधिक लोगों से पूछताछ की। करीब चार दिन तक चली सख्त पूछताछ के बाद पुलिस को आरोपियों के बारे में सुराग मिले। जोगेंद्रो के भतीजे धर्मेंद्र और गुरदेव सिंह ने दोनों की हत्या करने की बात कबूली। मृतक गुरमीत आरोपी गुरदेव का ससुर था। आरोपियों ने बताया कि उनकी बुआ गांव के करीब सभी लोगों को जरूरत पड़ने पर रुपये देती थी और बदले में उनकी जमीन गिरवी रखवा लेती थीं। उसके पास कई लोगों की जमीन गिरवी थी, जिस पर खेती कर वह रुपये कमाती थीं। जोगेंद्रो ने आरोपियों की भी करीब 15 एकड़ जमीन गिरवी रखी है। इस कारण आरोपी अपनी बुआ से रंजिश रखते थे और उसे जान से मारने के लिए मौका खोज रहे थे। आरोपी गुरदेव का ससुर गुरमीत अक्सर रंपुराकाजी में उनके घर रहता था। घटना के करीब चार



दिन पहले आरोपियों ने गुरमीत को बगल के गांव गुलाब का मजरा से कारतूस लाने के लिए तीन हजार रुपये दिए। कारतूस लाने के बजाय गुरमीत उन रुपयों से शराब पी गया। गुरमीत ने आरोपियों को न कारतूस दिए और न रुपये ही वापस किए। पांच जून की दोपहर को गुरमीत नदी के किनारे शराब पी रहा था। आरोपियों ने भी उसके साथ शराब पी और फिर उससे कारतूस मांगे। इस पर हुए विवाद पर आरोपियों ने गुरमीत के गले में पड़े गमछे से ही गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव को एक झाड़ी के किनारे लगाकर आरोपी अपने घर आ गए। इसके बाद आरोपियों ने जोगेंद्रो की हत्या की साजिश रची और देर रात उसे जगा कर किसी बहाने से नदी के किनारे ले गए। वहां आरोपियों ने गला दबा कर उसकी भी हत्या कर दी। इसके बाद दोनों शव पानी में डालकर करीब दो किमी दूर तक ले गए। वहां आरोपियों ने चापड़ और कुल्हाड़ी से दोनों शव के करीब दो दर्जन टुकड़े किए और पानी में बहा दिया। पुलिस दोनों आरोपियों को जेल भेजने की कार्रवाई कर रही है। एसएसपी ने पुलिस टीम को दो हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। आरोपी गुरदेव और धर्मेंद्र चचेरे भाई हैं। दोनों अक्सर जरूरत पड़ने पर बुआ जोगेंद्रो से रुपये लेते थे। घटना से एक हफ्ते पहले आरोपी गुरदेव पर मोटर चोरी करने का आरोप लगा था। पुलिस के डर से वह उस दौरान बुआ के घर आकर रहने लगे थे। दोनों नशे के आदी थे और साथ में नशा करते थे। उनके दिमाग में बड़ा अपराधी बनने का जुनून भी सवार था। शव को काटने के दौरान आरोपियों के कपड़ों में खून लग गया था तो उन्होंने अपने कपड़े भी पानी में बहा दिया था। वहीं जोगेंद्रो ने कई साल पहले एक अन्य धर्म के व्यक्ति को अपना नौकर बनाया था। बाद में वह जोगेंद्रो के साथ मिल कर उसके काम में हाथ बंटाता था और अक्सर जोगेंद्रो के घर में रहता था। जोगेंद्रो भी उसी के साथ बाइक से बाजार आया-जाया करती थी। आरोपियों को शक था कि अन्य धर्म के युवक से उनकी बुआ के संबंध हैं। इस बात से भी आरोपी रंजिश रखते थे। आरोपी धर्मेंद्र ने बुआ को नदी के किनारे ले जाने के लिए महिला मित्र के आने का बहाना बनाया था। धर्मेंद्र ने देर रात जोगेंद्रो के पास बिस्तर में पहुंचकर कान में धीरे से बताया कि उसकी महिला मित्र अपना घर छोड़कर आ गई और नदी किनारे मौजूद है। इस पर जोगेंद्रो ने महिला मित्र को रुपये देकर मामला रफा दफा करने की बात की लेकिन धर्मेंद्र के आग्रह करने पर वह उसके साथ नदी के किनारे गई और वहीं घटना को अंजाम दिया।जोगेंद्रो के पति ने उसे करीब 22 साल पहले छोड़ दिया था। इस पर वह मायके में आकर रहने लगी थी। उसने खूब मेहनत कर करीब 16 एकड़ खेत बना लिए थे। हालांकि ज्यादातार जमीन उसने गिरवी रखी हुई थी। पुलिस का कहना है कि वह गांव से दूर अलग रहती थी और गांव के लोगों में होने वाले अधिकतर अवगुण उसके अंदर नहीं थे। केलाखेड़ा में दोहरे हत्याकांड से पुलिस के हाथ पैर फूल गए। आनन-फानन गदरपुर, केलाखेड़ा, बाजपुर और एसओजी पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। इस दौरान जल पुलिस के साथ पुलिस ने नदी के किनारे करीब 90 घंटे तक कांबिंग की। इस दौरान पुलिस को कुल्हाड़ी और कुछ मानव अंग मिले। एसएसपी ने बताया कि गांव का माहौल बेहद खराब है। भविष्य में कोई ग्रामीण अपराध न करे, इसको लेकर काउंसलिंग भी की जाएगी।

## किशोरी ने दीवार पर खून से लिखा...मैं जा रही हूं, तुम दोनों खुश रहना

देहरादून। समुदाय विशेष के युवक के प्रेम में पड़ी एक किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव कमरे में पंखे के सहारे लगे फंदे पर लटका मिला। कलाई पर ब्लेड से काटने के निशान थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इधर, इस मामले में किशोरी के पिता उसके प्रेमी पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने शहर कोतवाली पुलिस को तहरीर भी दी है। घटना शहर कोतवाली की लक्ष्मण चौक चौकी क्षेत्र की है। यहां सहारनपुर रोड से सटे एक मोहल्ले में एक व्यक्ति किराये के मकान में ऊपर के हिस्से में रहता है। उनकी एक 17 वर्ष की बेटी भी उनके साथ रहती थी। किशोरी के कमरे की खिड़की और दरवाजा सड़क की ओर खुलता है। उनके पड़ोसियों ने सोमवार रात में देखा कि इस कमरे की लाइट ऑन थी। सामने रहने वाले व्यक्ति ने खिड़की से देखा तो उन्हें लगा कि किशोरी बिस्तर पर खड़ी है। लेकिन, काफी देर तक कोई हलचल नहीं हुई तो उन्होंने किशोरी के पिता को फोन किया। फोन नहीं लगा तो पड़ोसी ने किशोरी के मामा को फोन किया। मामा वहां पर पहुंचे तो देखा कि दरवाजा अंदर से बंद था।किशोरी के पिता और उसकी मां कमरे की छत पर सोए हुए थे। मामा ने दोनों को जगाया और पुलिस को फोन किया। पुलिस की मौजूदगी में कमरे का दरवाजा तोड़ा गया तो देखा कि किशोरी पंखे के सहारे फंदे पर झूल रही थी। नाबालिग ने अपने खून से दीवार पर लिखा है कि मैं तुम्हारी जिंदगी से जा रही हूं तुम दोनों खुश रहना। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया।अब यहां बात दूसरी तरफ घूम गई। पुलिस जांच में पता चला कि किशोरी शादाब कुरैशी नाम के युवक से प्यार करती थी। इस बात के लिए परिजन मना करते थे। लेकिन, वह नहीं मानती थी। इसको लेकर कभी कभार माता-पिता किशोरी को डांट देते थे। किशोरी के पिता ने पोस्टमार्टम के बाद आरोप लगाए कि शादाब सोमवार रात को अपने कुछ दोस्तों के साथ उनके घर पर आया था। वह किशोरी के कमरे में गया और उसके साथ मारपीट की। इसके बाद उसने किशोरी को फांसी लगाकर मौत के घाट उतार दिया। शादाब कमरे के पीछे वाले दरवाजे से निकलकर भाग गया। सीओ सिटी नीरज सेमवाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच कर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## पेज एक का शेष...

**उत्तरांचल दर्पण में...**क्षेत्र की सीलिंग भूमि वाले मामले में माननीय नैनीताल उच्च न्यायालय के स्थगन आदेश के बाद से, उक्त भूमि पर जिला प्रशासन की बड़ी ही पैनी नजर है और तमाम कोशिशों के बावजूद भू-माफिया इस भूखंड पर प्लाटिंग नहीं कर पा रहे हैं । लिहाजा उक्त भूखंड के बंदरबांट के लिए भीतर खाने तमाम कोशिशें अनवरत होती रहती हैं । ऐसी ही किसी कोशिश की टोह लेने का प्रयास हमने अपने पिछले अंक में किया था । हालांकि उपरोक्त आशय का समाचार प्रकाशित होने के बाद से अब तक कोई भू माफिया तो सामने नहीं आया है, लेकिन भू-माफियाओं की तरफ से वार्ड नंबर 25 के पार्षद सुशील यादव अवश्य सामने आ गए। जिन्होंने खबर प्रकाशन के कुछ घंटों के बाद ही समाचार संकलनकर्ता को बड़ी ही दबंगई से राह चलते रोक लिया और देख लेने की धमकी भी दे डाली है। अब इस संभावित बड़े खेल में पार्षद का क्या फायदा है ? यह तो वही जाने। लेकिन इस क्रम में 'उत्तरांचल दर्पण' अपने पाठकों को पूरी दृढ़ता के साथ यह बताना चाहता है कि हम ऐसी धमकियों से ना तो पहले ही कभी डरे हैं और ना भविष्य में डरेंगे। हम बिना किसी पूर्वाग्रह एवं बिना राग द्वेष के अपने कर्तव्य का पालन करते आए हैं और आगे भी करते रहेंगे। जनसमस्याओं को सामने लाना और विसंगतियों पर जवाबदेहों से तीखे सवाल करना हमारा काम है और हम अपना यह कर्म बिना डरे, बिना झुके, करते रहेंगे।

**पुरोला में महापंचायत...**व्यक्तियों द्वारा 26 मई को एक हिंदू लड़की को कथित रूप से अगवा करने की कोशिश को स्थानीय लोगों ने विफल कर दिया था। उसके बाद अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की दुकानों के शटर पर पोस्टर चिपके नजर आये जिनमें उन्हें तत्काल शहर से चले जाने की धमकी दी गयी थी। उत्तरकाशी के पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने बताया कि स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए एहतियात के तौर पर प्रादेशिक सशस्त्र बल (पीएसी) की एक टुकड़ी तैनात की गयी है। पुलिस अधीक्षक के अनुसार पुलिस ने शहर के मुख्य बाजार इलाके में फ्लैग मार्च किया और लोगों से शांति बनाये रखने की अपील की। उनके मुताबिक पुलिस ने कानून व्यवस्था बनाये रखने में सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों और प्रभावशाली लोगों से सहयोग मांगा। जिला पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से सजग और सतर्क है। वहीं डीजीपी अशोक कुमार का कहना है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जो भी आवश्यक कदम हैं, उन्हें उठाए जा रहे हैं। किसी को भी शांति भंग करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। जो भी कानून का उल्लंघन करेगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**मुठभेड़ में दो....**सहारनपुर की तरफ से बाइक सवार दो बदमाश किसी घटना को अंजाम देने आ रहे हैं। बदमाशों के आने की सूचना 112 नंबर पर भी दी गई। जिसके बाद जिलेभर की पुलिस अलर्ट हो गई और चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि भगवानपुर के चोली गांव के पास बाइक सवार दो बदमाशों को रुकने का इशारा किया। इस पर बाइक सवारों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की तो उपकार पुत्र स्वराज निवासी रामपुर मनिहारान, सहारनपुर और अंकुर पुत्र मोहर निवासी ननौता सहारनपुर के पैर में गोली लगी और वह जमीन पर गिर गए। पुलिस ने दोनों बदमाशों को रुड़की सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस सूत्रों का कहना है कि दोनों बदमाशों का आपराधिक रिकॉर्ड है। इन्हीं बदमाशों ने गणेशपुर, मंगलौर और एक अन्य जगह लूट की घटना को अंजाम दिया था। दोनों बदमाश सहारनपुर के हिस्ट्रीशीटर हैं। फिलहाल जेल से जमानत पर बाहर चल रहे थे। वहीं सूचना मिलते ही एसएससी अजय सिंह, एसपी देहात एसके सिंह और आसपास के थानों की पुलिस सिविल अस्पताल में पहुंच गई। बताया जा रहा है कि बदमाश एक सप्ताह पहले घर में तमंचे के बल पर लूट के मामले में भी शामिल थे। हालांकि पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि पूछताछ के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। बदमाश गणेशपुर की लूटपाट की घटना में शामिल थे या नहीं इसकी जांच की जा रही है।

**जल्द शुरू होगा...**के ना होने के कारण मिनी ब्लड बैंक पर पिछले 2 सालों से ताला लटका हुआ है। मिनी ब्लड बैंक को सुचारु रुप से चालू करवाने के लिए पिछले साल भी व्यापारी नेता श्री चावला द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस पर धरना देते हुए अपने खून से पत्र लिखकर ब्लड बैंक को चालू कराने की मांग की थी, लेकिन 1 साल बीत जाने के बाद भी ब्लड बैंक पर आज भी ताला लटका हुआ है। गदरपुर क्षेत्र के मरीजो को आवश्यकता पड़ने पर रक्त के लिए रुद्रपुर,बाजपुर आदि स्थानों पर स्थित ब्लड बैंक के लिए भागना पड़ता है। मिनी ब्लड बैंक खुलवाने की मांग को लेकर संदीप चावला ने पूर्व घोषणा के तहत बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय के बाहर सांकेतिक धरना दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन की लापरवाही के चलते अभी तक मिनी ब्लड बैंक सुचारू रूप से चालू नहीं हो पा रहा है। जबकि वहां आवश्यक सारे उपकरण मौजूद हैं। मगर टेक्नीशियन की कमी के चलते मिनी ब्लड बैंक पर ताला लटका हुआ है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से जल्द मिनी ब्लड बैंक शुरू करने की मांग की। इस दौरान समाजसेवी हरविंदर सिंह बिन्नी,विकास अरोरा,नमन सिंह,आकाश बठला,सनी गाबा ने भी धरने का समर्थन किया। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कार्यवाही तुरंत कर दी गई है जल्द ही जनता को मिनी ब्लड बैंक समर्पित होगा।

**अनियंत्रित ट्रक से.....**की रात्रि लगभग 2 बजे बस में सफर कर रहा नेपाली मूल का वृद्ध कुंडा थाना क्षेत्र के शिवराजपुर पट्टी पुलिस चौकी इलाके में टोल टैक्स के करीब बस रुकने पर लघुशंका के लिए बस से नीचे उतरा। बताते हैं कि इसी दौरान पीछे से द्रुतगति से चले आ रहे ट्रक संख्या यूपी 20टी/9838 ने तेजी व लापरवाही से वृद्ध को कुचल कर मौके पर ही उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना के घटते ही चीख-पुकार मच गई। इस दौरान आरोपी चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। मृतक की पत्नी को जब हादसे की भनक लगी तो वह दहाड़ मार कर रोने लगी। स्थानीय पुलिस को मामले की सूचना मिलने पर उसने तत्काल मौके पर पहुंचकर लावारिस हालत में खड़े ट्रक को कब्जे में लेते हुए मृतक के शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया जहां से अंत्य परीक्षण के बाद बुधवार को शव परिजनों के हवाले कर दिया गया। मृतक के तीन पुत्र व तीन पुत्रियां हैं। उसके तीन पुत्र तथा दो पुत्रियों की शादी हो चुकी है। एक पुत्री अभी अविवाहित है। पुलिस द्वारा सूचना मिलने के बाद मृतक परिजन बुधवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए जहां अंत्य परीक्षण के बाद पुलिस द्वारा शव परिजनों के सुपुर्द किया गया।

**सड़क दुर्घटनामें....**और घायल अमित को 108 के माध्यम से ऋषिकेश एम्स पहुंचाया। जहां डाक्टरों द्वारा उपचार के बाद सब इंस्पेक्टर पुष्पेंद्र पुत्र बाबूराम निवासी केहडा, लक्सर की मौत हो गई, जबकि घायल अमित पुत्र विजेंद्र निवासी ढाढेकी अकबरपुर, मंगलौर, हरिद्वार का अस्पताल में इलाज चल रहा है।थानाध्यक्ष कुलदीप पंत ने बताया कि पुष्पेंद्र के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**टिफिन बैठक में...**प्रखर चौधरी, सुनील यादव, गुलाब सिरोही, विपुल नारंग, आयुष चिलाना, अर्पित गुगलानी, मनमोहन वाधवा, श्वेता मिश्रा, फरजाना बेगम, रश्मि रस्तोगी, उपेंद्र चौधरी, चंद्रसेन कोली, राकेश सिंह, अनिल चौहान ,हिमांशु शुक्ला, अतुल जोशी,राजेश यादव, सुरेश शर्मा ,विजेंद्र सिंह, सुदर्शन, राजन राठौर, कमलेश सिंह, संजय वर्मा, डंपी चोपड़ा, राजेश, धीरेंद्र मिश्रा, अनीता, महेंद्री शर्मा, ओमवती चौहान, ममता पांडे, नीतू सिंह, गीता शर्मा, चंद्रकला राय,रितु अग्रवाल ,अजीत सक्सेना, धर्मपाल, पंकज राणा आदि थे।

**दो करोड़ हड़पने को ....** प्रबंधक मोहम्मद आजम पुत्र मोहम्मद हनीफ ने बताया कि प्रभु ज्वेलर्स प्राइवेट लिमिटेड नामक फर्म को तो करोड़ों रुपयों का लोन दिया था। जिसके एवज में सुरेंद्र कुमार भल्ला पुत्र देशराज भल्ला केयर ऑफ मैसेज राजा ज्वेलर्स निवासी मोहल्ला काजीबाग ने वर्ष 2013 की 20 अप्रैल को मकान भूमि बैंक में बंधक रखा। बीते 9 फरवरी को विजिट करने पर पता चला कि सुरेंद्र कुमार भल्ला ने बैंक में बंधक रखी संपत्ति को दस्तावेजों को कूट रचित करते हुए चार अलग-अलग लोगों को रजिस्ट्री कर दी। धोखाधड़ी का पता चलने पर बैंक द्वारा जब इस बारे में नोटिस जारी कर आरोपी से जवाब मांगा गया तो उसने अब तक धोखाधड़ी के बाबत बैंक को कोई जवाब नहीं दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ धारा 420 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू की है।

**राहुल बनकर...**गर्भवती हुयी तो पेट में गर्भ पांच माह का हो चुका था लेकिन उक्त युवक ने फिर से जबरदस्ती दवाई खिलाकर गर्भ गिरा दिया जिससे उसकी जान भी जोखिम में पड़ गयी। युवती के मुताबिक इसी बीच फेस बुक आईडी से प्रेमी की सच्चाई पता चली तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गयी। जो शख्स तीन साल से खुद को राहुल बताकर उसके अस्मत को लूट रहा था वह राहुल नहीं बल्कि शकील पुत्र सलीम निकला। मिलक बिचौला थाना भोट रामपुर निवासी शकील पहले से ही शादीशुदा है और तीन बच्चों का पिता है। युवती के अनुसार जब उसने शकील से पूछा कि उसने अपनी सच्चाई क्यों छुपायी तो वह धमकाने लगा और कहने लगा कि मेरे साथ शादी करनी है तो धर्म परिवर्तन करना होगा। युवती के मुताबिक शकील ने अपने परिवार वालों के साथ मिलकर धमकी दी कि पूरे परिवार को गला काटकर मार देंगे। युवती का कहना है कि उक्त लोग लगातार उसे फोन पर धमकाते है जिस कारण उसका घर से निकलना दूभर हो गया है। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी को पुलिस दबिश दे रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


CONSTRUCTING HAPPINESS
Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden
RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497
काशी गार्डन
आवासीय प्लॉट एवं विला
रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
40 एवं 30 फीट की सड़कें
4 पार्क
गेट बंद कॉलोनी
सीव्रेज व्यवस्था
ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा
साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर
86504-18000